भारत सरकार

अंतरिक्ष विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 1445

बुधवार, 28 जुलाई, 2021 को उत्तर देने के लिए

चंद्रयान-3

1445. श्री सु. थिरुनवुक्करासर :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या चंद्रयान-3 के प्रक्षेपण में और देरी हुई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके प्रस्तावित कार्य क्या हैं; और

(ग) इसे कब तक प्रक्षेपित किए जाने की संभावना है?

उत्तर

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय
तथा प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री
(डॉ. जितेन्द्र सिंह) :

(क) चंद्रयान-3 की प्राप्ति का कार्य प्रगति पर है। चंद्रयान-3 के प्रक्षेपण को पुनर्निर्धारित किया गया है।

(ख) चंद्रयान-3 की प्राप्ति में विभिन्न प्रक्रियाएं हैं जिनमें संरूपण को अंतिम रूप देना, उपप्रणालियों की प्राप्ति, एकीकरण, अंतरिक्ष यान स्तर के विस्तृत परीक्षण तथा पृथ्वी पर प्रणाली के कार्य-निष्पादन के मूल्यांकन हेतु कई विशेष परीक्षण शामिल हैं। कोविड-19 महामारी के कारण इनकी प्राप्ति की प्रगति बाधित हुई। हालांकि, लॉकडाउन के दौरान भी वे सभी कार्य किए गए थे जो वर्क फ्रॉम होम मोड में संभव थे। अनलॉक शुरू होने के बाद चंद्रयान-3 की प्राप्ति हेतु कार्य फिर से शुरू किए गए और यह प्राप्ति के अंतिम चरण में है।

(ग) यदि यह मानकर चलें कि अब से कार्य सामान्य रूप से चलेंगे तो, चंद्रयान-3 को 2022 की तीसरी तिमाही के दौरान प्रक्षेपित किए जाने की संभावना है।

***